बैठक का कार्यवृत्त

माननीय कुलपति जी के दिशा निर्देशों के अनुपालन में एक उप समिति के माध्यम से बी0एड0 तृतीय चरण की काउसिंलिग आफलाईन मोड के आधार पर किये जाने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में आज दिनांक 16–09–2019 को बैठक आयोजित की गई।

इस उप समिति की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित थे–

1	प्रो0 आर0एस0 पथनी संकायाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र, कु0वि0वि0 नैनीताल	संयोजक
2	प्रो0 सतपाल सिंह बिष्ट प्रभारी काउसिंलिग एवं प्लेसमैंट, कु0वि0वि0 नैनीताल	सदस्य
3	डॉ0 रीतेश साह, उप परीक्षा नियंत्रक कु0वि0वि0 नैनीताल	सदस्य
4	डॉ0 अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक कु0वि0वि0 नैनीताल	सदस्य

इस उप समिति की बैठक में तृतीय काउसिंलिग (आफलाइन) के आयोजन हेतु सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये–

1. वि0वि0 की बी0एड्0 प्रवेश परीक्षा 2019 हेतु जिन अभ्यर्थियों का सत्यापन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में किया जा चुका है केवल वे अभ्यर्थी ही तृतीय काउसिंलिग हेतु अर्ह होंगे।

2. समस्त अभ्यर्थी अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित वि0वि0 द्वारा निर्धारित दिवस तथा समय में रैंकवार उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने से प्रवेश न मिलने पर वह अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस सन्दर्भ में कोई भी वाद मान्य नहीं होगा।

3. निम्न सूची के अनुरूप अभ्यर्थी तृतीय काउसिंलिग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

दिनांक व स्थान	रैंक	समय
दिनांक 18–09–2019 स्थान– द हरमिटेज कु0वि0वि0 नैनीताल।	1–500	प्रातः 10 से 12 बजे तक
	501–1000	अपराह्न 12 से 2 बजे तक
	1001–1500	अपराह्न 2 से 4 बजे तक
दिनांक 19–09–2019 स्थान– द हरमिटेज कु0वि0वि0 नैनीताल।	1501–2000	प्रातः 10 से 12 बजे तक
	2001–2500	अपराह्न 12 से 2 बजे तक
	2501–3000	अपराह्न 2 से 4 बजे तक
दिनांक 20–09–2019 स्थान– शिक्षा संकाय एस0एस0जे0 परिसर अल्मोड़ा।	3001–3500	प्रातः 10 से 12 बजे तक
	3501–4000	अपराह्न 12 से 2 बजे तक
	4001–4500	अपराह्न 2 से 4 बजे तक
दिनांक 21–09–2019 स्थान– शिक्षा संकाय एस0एस0जे0 परिसर अल्मोड़ा।	4501–5000	प्रातः 10 से 12 बजे तक
	5001–5500	अपराह्न 12 से 2 बजे तक
	5501–अन्तिम रैंक तक	अपराह्न 2 से 4 बजे तक

Approved
VC 16/9

4. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित दिवस व निर्धारित समय में उपस्थित न होने पर यह स्वतः मान लिया जायेगा कि अभ्यर्थी प्रवेश लेने हेतु इच्छुक नहीं है इस परिस्थिति में निचले रैंक के अभ्यर्थियों को रिक्त सीट के सापेक्ष प्रवेश दे दिया जायेगा।

5. आरक्षित वर्ग (एस0सी0 / एस0टी0 / ओ0बी0सी0 / ई0डब्ल्यू0एस0) के अभ्यर्थी अपने आरक्षण सम्बन्धी मूल प्रमाण पत्रों के साथ अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

6. जिन अभ्यर्थियों ने प्रथम व द्वितीय काउसिलिंग के अन्तर्गत कॉलेज/महाविद्यालय में प्रवेश लिया है वे तृतीय काउसिलिंग हेतु कदापि अर्ह नहीं होंगे। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अब तक प्रवेश नहीं लिया है केवल वे ही तृतीय काउसिलिंग हेतु अर्ह होंगे।

7. तृतीय काउसिलिंग के अन्तर्गत बी0एड0 की रिक्त सीटें पूर्ण रूप से भर जाने के पश्चात काउसिलिंग प्रक्रिया स्वतः ही समाप्त हो जायेगी। काउसिलिंग की प्रक्रिया यद्यपि 18, 19, 20 एवं 21 सितम्बर 2019 को आयोजित होनी है लेकिन रिक्त सीटों के सापेक्ष तृतीय काउसिलिंग के उक्त दिवसों के दौरान सीटें पूर्ण रूप से भर जाने के पश्चात वि0वि0 द्वारा किसी भी स्तर पर काउसिलिंग की प्रक्रिया सम्पन्न होने की घोषणा की जा सकती है जिसका सम्पूर्ण अधिकार कु0वि0वि0 के पास रहेगा।

8. बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों (जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में अपने प्रमाण पत्रों का सत्यापन करवाया है) हेतु यह अन्तिम अवसर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जा रहा है। बी0एड0 तृतीय चरण की काउसिंलिग के पश्चात काउसिलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया आयोजित नहीं की जायेगी।

9. यदि बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान अपने स्तर से किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश देंगे तो ऐसे प्रवेशों को विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा।

अभ्यर्थियों को स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि तृतीय चरण की काउसिलिंग में प्रवेश पूर्णतः मैरिट के आधार पर किये जायेंगे तथा मात्र काउसिलिग प्रक्रिया में सम्मिलित होने का तात्पर्य किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश की गारन्टी नहीं है।

(प्रो0 आर0एस0 पथनी)

(प्रो0 सतपाल सिंह बिष्ट)

(डॉ0 रीतेश साह)

(डॉ0 अशोक कुमार)